आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 गुरूवार 14.03.2024

<u>मुख्य समाचारः—</u>

1— केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नवा रायपुर में राष्ट्रीय जांच एजेंसी—एनआईए के आवासीय परिसर का किया उद्‍घाटन।

2— मुख्यमंत्री ने आज रायपुर में प्रदेश के करीब साढ़े पांच सौ उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्रदान किए राज्य खेल अलंकरण।

3— छत्तीसगढ़ से थल सेना में चुने गए तेरह सौ से अधिक अग्निवीर सैनिकों को आज रायपुर में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किया सम्मानित।

4— प्रदेश में सक्रिय द्रोणिका के कारण सोलह से उन्नीस मार्च तक कुछ स्थानों पर गरज—चमक के साथ पड़ सकती हैं बौछारें—कहीं—कहीं वज्रपात और ओलावृष्टि होने के भी आसार।

<u>अमित शाह—एनआईए आवासीय परिसर</u>

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नवा रायपुर में राष्ट्रीय जांच एजेंसी—एनआईए के आवासीय परिसर का उद्‍घाटन किया। यह आवासीय परिसर नवा रायपुर के सेक्टर—तीस में बनाया गया है।

इस मौके पर श्री शाह ने आपराधिक कानूनों पर मार्गदर्शन के लिए बनाए गए मोबाइल ऐप ''संकलन'' का लोकार्पण भी किया। इस कार्यक्रम में एनआईए के छत्तीसगढ़ में पदस्थ अधिकारियों के साथ ही छत्तीसगढ़ के गृह विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

<u>खेल अलंकरण समारोह</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में प्रदेश के करीब साढ़े पांच सौ उत्कृष्ट खिलाड़ियों को राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया। ये पुरस्कार वर्ष दो हजार उन्नीस—बीस और बीस—इक्कीस के लिए प्रदान किए गए। इनमें शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार के लिए सत्रह और शहीद कौशल यादव पुरस्कार के लिए नौ खिलाड़ियों को चुना गया। वहीं, तीन खिलाड़ियों को वीर हनुमान सिंह पुरस्कार दिया गया। इसी तरह, शहीद पंकज विक्रम सम्मान के लिए तैंतालीस, शहीद विनोद चौबे सम्मान के लिए दस तथा मुख्यमंत्री ट्रॉफी के लिए इंक्यावन खिलाड़ियों को चुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने की।

इस मौके पर सम्मानित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पुरस्कार से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं के निखरने से समाज भी निखरता है। जिन शहीदों के नाम पर खेल पुरस्कार दिए जाते हैं, उन शहीदों के परिजनों को भी मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सम्मानित किया। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर सिंह ने उत्कृष्ट खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश में खेल के विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश के खिलाड़ियों की राष्ट्रीय स्तर पर सफलता भी इस बात का प्रमाण है।

प्रदेश के खेल और युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि राज्य में अब तक पुरस्कार प्राप्त करने वाले चौहत्तर खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। वहीं, उत्कृष्ट खिलाड़ियों की घोषणा के लिए समिति का गठन भी किया गया है। समिति की अनुशंसा के

आधार पर जल्द ही उत्कृष्ट खिलाड़ियों की घोषणा भी की जाएगी। कार्यक्रम में रायपुर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न खेल संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

अग्निवीर–सम्मान

छत्तीसगढ़ से थल सेना में चुने गए अग्निवीर सैनिकों को आज राजधानी के शहीद स्मारक भवन में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। वर्ष दो हजार बाईस में राज्य से चार सौ चौंतीस युवाओं का चयन हुआ था। वहीं, पिछले वर्ष राज्य के आठ सौ सत्तर युवा थल सेना में चुने गए थे। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने इन अग्निवीर सैनिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष राज्य के विभिन्न जिलों में करीब साढ़े ग्यारह हजार युवाओं ने अग्निवीर सेना भर्ती के लिए पंजीयन कराया था। वहीं, इस बार तेरह हजार से अधिक युवाओं ने पंजीयन कराया है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में अग्निवीरों के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए थे। इसका निश्चित रूप से अभ्यर्थियों को लाभ मिला है। इस मौके पर श्री शर्मा ने रोजगार ऐप का लोकार्पण भी किया। इसके माध्यम से प्रदेश के बेरोजगार युवा अपने फोन के जरिये ही पंजीयन और नवीनीकरण कर सकेंगे। साथ ही उन्हें योग्यता के अनुसार उपलब्ध रोजगार की सूचना भी इसी मोबाइल ऐप के जरिये दी जाएगी।

सहकारी समिति–सम्मान

प्रदेश में सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पांच सहकारी समितियों को अलग–अलग वर्गों में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राजधानी रायपुर में आयोजित समारोह में प्रदेश के सहकारिता मंत्री केदार कश्यप और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के क्षेत्रीय निदेशक कैलाश कुमार कौशिक ने उत्कृष्ट समितियों को यह पुरस्कार प्रदान किए। सर्वश्रेष्ठ प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति की श्रेणी में दुर्ग जिले की उतई समिति को पहला पुरस्कार दिया गया। वहीं, बालोद जिले के नवागांव की आदिम जाति सेवा सहकारी समिति को दूसरा पुरस्कार दिया गया। इसी तरह, सर्वश्रेष्ठ विपणन सहकारी समिति के वर्ग में गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले की गौरेला समिति को पहला और मुंगेली जिले के सरगांव की समिति को दूसरा पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं, सर्वश्रेष्ठ बीज सहकारी समिति के वर्ग में रायपुर की समिति को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सहकारिता मंत्री ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से प्रदेश में कोदो, कुटकी और इमली जैसे उत्पादों की प्रसंस्करण इकाइयों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। इनके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को रोजगार सहित आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए एक अच्छा माध्यम उपलब्ध कराया जा सकता है।

स्वास्थ्यकर्मी–वेतन वृद्धि

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को सत्ताईस प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ निश्चित रूप से दिया जाएगा। उन्होंने छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ की पदाधिकारियों से मुलाकात के दौरान यह आश्वासन दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन–एनएचएम के प्रबंध संचालक को अन्य राज्यों में हुए नियमितीकरण का अध्ययन करने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री–मोहला मानपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मोहला–मानपुर जिले के मुख्यालय मोहला में विकसित भारत–विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम के तहत करीब सैंतालीस करोड़ रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने मानपुर मे अंतरराज्यीय बस स्टैंड का निर्माण

तथा मोहला में सामुदायिक भवन और सडक निर्माण के साथ ही गोटाटोला मे जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने की घोषणा भी की।

इस मौके पर श्री साय ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में सरपंचों और ग्रामीणों से बातचीत की और उनका हालचाल पूछा। उन्होंने ग्रामीणों से महतारी वंदन योजना और जल जीवन मिशन सहित विभिन्न योजनाओं के विषय में जानकारी भी ली।

साधराम हत्या–सहायता राशि

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कवर्धा में मृतक साधराम यादव के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें बीस लाख रुपए का चेक प्रदान किया। गौरतलब है कि कबीरधाम जिले के लालपुर इलाके में बीते दिनों साधराम यादव की हत्या हो गई थी। राज्य सरकार ने घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए एनआईए से इसकी जांच कराने की घोषणा की है।

युवा संवाद कार्यक्रम

केंद्रीय खेल और युवा कल्याण मंत्रालय और राज्य के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा द्वारा जांजगीर के टीसीएल कॉलेज में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जांजगीर सहित अन्य स्थानों के पांच महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने वर्ष दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। संवाद कार्यक्रम में पहले तीन स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

बीएसपी–आगजनी

भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन में लगे अमोनिया स्ट्रिपिंग टॉवर में कल देर रात आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे। अग्निशमन दल ने लगभग डेढ़ घंटे के परिश्रम के बाद आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने से संयंत्र के भीतर उपकरणों को हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

होली स्पेशल ट्रेन

होली त्योहार को देखते हुए रेलवे द्वारा सिकंदराबाद से दरभंगा तक एक फेरे के लिए होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन सिकंदराबाद से छब्बीस मार्च को शाम सात बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह साढ़े नौ बजे दुर्ग पहुंचेगी। यहां से रायपुर–बिलासपुर होते हुए अट्ठाईस मार्च को सुबह दस बजे दरभंगा पहुंचेगी। वहीं, दरभंगा से यह ट्रेन अट्ठाईस मार्च को सुबह साढ़े ग्यारह बजे रवाना होकर रायपुर–दुर्ग होते हुए तीस मार्च की सुबह करीब पांच बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी।

मौसम

प्रदेश के मौसम में अगले दो–तीन दिनों के दौरान बदलाव के आसार है। पश्चिम बंगाल से छत्तीसगढ़ तक बनी द्रोणिका के कारण अगले तीन से चार दिनों के दौरान प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम बंगाल से तमिलनाडु तक बनी द्रोणिका का प्रभाव इस समय छत्तीसगढ़ के ऊपर भी बना हुआ हे। इसके असर से सोलह से उन्नीस मार्च तक प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज–चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। वहीं, सत्रह और अट्ठारह मार्च को अंधड़ चलने के साथ ही वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना है।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर में पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं के उत्साह को चित्रित करने वाला एक वीडियो साझा किया है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए अपने पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि पूरे देश के युवा मतदाता कह रहे हैं – मेरा पहला वोट देश के लिए।

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर के पास पीटीएस माना कैम्प में आयोजित छत्तीसगढ़ पुलिस राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए। श्री साय इस प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करेंगे। साथ ही त्रिनयन और आई.ओ. मितान ऐप का लोकार्पण भी करेंगे।

– राज्य शासन ने मुंगेली नगर पालिका और कोरिया जिले के शिवपुर चर्चा नगर पालिका अध्यक्षों के वित्तीय अधिकारों को निलंबित करते हुए आगामी आदेश तक इन दोनों निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को एकल हस्ताक्षर से चेक जारी करने के लिए अधिकृत कर दिया है।

– छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा कल रायपुर में पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास की परिकल्पना पर केंद्रित ''छत्तीसगढ़ विजन दो हजार सैंतालीस'' पर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

– कोंडागांव पुलिस ने अंतराज्यीय मोबाइल चोर गिरोह के एक नाबालिग सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी के दस मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जब्त मोबाइल फोन की कुल कीमत साढ़े चार लाख रूपये बताई गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>